26|05

Total number of printed pages-2

FYUG/Sem-4/HN-AE 1

# 2026
# HINDI (AEC)
## Paper: HN-AE-4212
## (हिंदी कहानी)

**Time: 2 hours** **Marks: 30**

***The figures in the margin indicate full marks for the questions.***

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×4=4

(क) हल्कू के खेत की खड़ी फसल को किसने नष्ट किया ?

(ख) रामेश्वरी देवी का क्या दुख था ?

(ग) पीरबख्श ने मुंशीगिरी ही क्यों अपनाई ?

(घ) 'वापसी' कहानी की एक भाषिक विशेषता लिखिए।

2. निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×3=6

(क) 'पूस की रात कहानी को यथार्थवादी शैली की कहानी कहा गया है। इस शैली की दृष्टि से कहानी की दो विशेषताएँ लिखिए।

(ख) रामेश्वरी की दो चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए।

(ग) गजाधर बाबू की पत्नी से क्या शिकायतें थी ?

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×2=10

(क) 'पूस की रात' कहानी के शीर्षक की उपयुक्तता पर विचार कीजिए।

(ख) 'वापसी' कहानी के उद्देश्य की समीक्षा कीजिए।

*Contd.*

(ग) पीरबख्श के जीवन की वे कौन-सी मान्यताएँ थी, जिनके कारण उन्हें आगे कठिनाइयों का सामना करना पड़ा ?

(घ) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

कभी-कभी वह जोर से चिल्ला उठतीं और कहतीं देखो-देखो वह गिरा जा रहा है— "उसे बचाओ, दौड़ो-मेरे मनोहर को बचा लो ।" कभी वह कहती— "बेटा मनोहर, मैंने तुझे नहीं बचाया । हाँ-हाँ, मैं चाहती तो बचा सकती थी— मैंने देर कर दी ।"

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किसी एक** का सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×1=10

(क) कहानी कला की दृष्टि 'पाजेब' कहानी की समीक्षा कीजिए ।

(ख) 'भोलाराम का जीव' कहानी का सारांश अपने शब्दों में लिखिए ।

■■■